THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, Dr. John Brittas (Kerala) associated himself with the Special Mention made by Shri Biplab Kumar Deb.

Shri Niranjan Bishi, not present. Shri Rakesh Sinha, not present. Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara on 'Demand to Construct Hostels for Tribal Students'.

Demand to construct hostels for tribal students

श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा (गुजरात): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ। प्रधान मंत्री, नरेन्द्रभाई मोदी जी ने हमारे गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री रहते हुए, राज्यव्यापी कन्या केलवणी रथ चलाकर बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया, बालिकाओं की शिक्षा पर जोर दिया, जिसके परिणामस्वरूप आज आदिवासी, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग की लड़कियाँ शत प्रतिशत शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। सरकार ने ग्रामीण स्तर पर कॉलेज, आईटीआई आदि संस्थान स्थापित किए। इससे सभी बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं, लेकिन तालुका स्तर के दूर-दराज के गाँवों के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अप-डाउन कर रहे हैं, जिसमें उन्हें काफी रुकावटें महसूस होती हैं। इसके कारण कई बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। दूर-दराज के गाँवों से शिक्षा के लिए आने वाले ऐसे बच्चों की इस समस्या के समाधान के लिए मेरा अनुरोध है कि प्रत्येक आदिवासी तालुका स्तर पर इन लड़के-लड़कियों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था के साथ एक सरकारी समरस छात्रावास शुरू किया जाना चाहिए। यह छात्रावास तालुका जिला स्तर पर होने से हमारे आदिवासी बच्चों को बहुत अधिक फायदा प्राप्त होगा। महोदय, इस आवागमन व्यवस्था से विद्यार्थियों को समय के साथ-साथ आर्थिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। माता-पिता गरीब होने से कुछ बेटे-बेटियों को बीच में अध्ययन यात्रा बंद करनी पड़ती है। मेरा अनुरोध है कि इस समस्या के निराकरण हेतु छात्रावास का निर्माण शीघ्र करवाना अति उचित होगा।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, Shrimati S. Phangnon Konyak (Nagaland) associated herself with the Special Mention made by Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara.

Shri Satish Chandra Dubey. Not present. The House stands adjourned to meet at 11.00 a.m. on Monday, the 11th December, 2023.

The House then adjourned at forty-two minutes past five of the clock till eleven of the clock on Monday, the 11th December, 2023